माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

29 नवंबर, 2021 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने सूरजपुर ज़िले के विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम केरता स्थित माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र 2021-22 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि इस सत्र में राज्य सरकार ने गन्ना की दर 355 रुपए प्रति क्विंटल तय की है।
- गन्ना पेराई सत्र 2021-22 में ज़िला- सूरजपुर, सरगुजा (अम्बिकापुर) एवं बलरामपुर के 17 विकास खंडों से गन्ना रकबा 9,374.874 हेक्टेयर से तीन लाख मीट्रिक टन गन्ना पेराई करने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। पंजीकृत 15 हज़ार 310 कृषकों से गन्ना क्रय किया जाएगा।
- गन्ना पेराई वर्ष 2021-22 के लिये उचित और लाभकारी मूल्य का निर्धारण दर रिकवहरी प्रतिशत 9.5 प्रतिशत पर निर्धारित 275.50 रुपए प्रति क्विंटल है।
- राज्य शासन द्वारा गन्ना प्रोत्साहन राशि 79.50 रुपए प्रति क्विंटल कुल 355 प्रति क्विंटल भुगतान किया जाएगा, साथ ही रिकवहरी 9.5 प्रतिशत से अधिक होने पर 0.1 प्रतिशत पर 2.90 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि गन्ना पेराई सत्र 2020-21 में ज़िला सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर के 15 विकाख खंडों से गन्ना रकबा 8689.846 हेक्टेयर से 3 लाख मीट्रिक टन पेराई करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके विरुद्ध में गन्ना उत्पादक 10,600 कृषकों से कुल 2 लाख 2 हज़ार 617 मीट्रिक टन गन्ना की खरीदी की गई।
- गन्ने खरीदी पर 270.75 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना मूल्य राशि 54 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान कृषकों के बैंक खाता के माध्यम से कर दिया गया है। किसानों को राज्य शासन द्वारा 12 करोड़ 18 लाख 7 हज़ार 422 रुपए का गन्ना बोनस का भुगतान किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-sugarcane-crushing-session-in-maa-mahamaya-cooperative-sugar-factory